# BACHELOR'S DEGREE PROGRAMME

## Term-End Examination

## June, 2007

## ELECTIVE COURSE : COMMERCE

## ECO-14 : ACCOUNTANCY-II

*Time : 2 hours* | *Maximum Marks : 50*

---

**Note :** *Attempt any **four** questions including question no. 1 which is **compulsory**.*

---

**1.** Attempt any ***three*** of the following questions : *14*

(a) What are the salient features of Stock and Debtors system ?

(b) Why is it necessary to prepare financial statements ?

(c) State the meaning of preliminary expenses and its treatment in the books of accounts.

(d) State the major sources and applications of funds.

(e) Explain the concept of goodwill and discuss any one method of its valuation.

**2.** Ramesh purchased five machines on 1-7-2004 under hire purchase system. The cash price of each machine was Rs. 1,00,000. Ramesh paid 25% of cash price as down payment and the balance was agreed to be paid in five annual instalments together with interest @ 5% per annum. Ramesh paid two instalments but failed to pay the third instalment. Hire vendor agreed to repossess two machines at a value by charging depreciation @ 25% per annum under diminishing balance method. The vendor left the three machines with the purchaser.

Show the machine account and Hire Vendor's A/c in the books of Ramesh for three years from the date of purchase. Books are closed on June 30 every year. Ramesh has been charging depreciation @ 20% p.a on straight line method. *12*

**3.** X, Y and Z were partners in a firm sharing profit and loss in the ratio of 3 : 2 : 1 respectively. The balance sheet of the firm as at 31-12-2005 was as under :

| | Rs. | | | Rs. |
|---|---|---|---|---|
| S. Creditors | 50,000 | Land and Buildings | | 1,00,000 |
| Reserve fund | 32,000 | Machinery | | 80,000 |
| Bank loan | 30,000 | Furniture | | 20,000 |
| Capital Accounts : | | Stock | | 50,000 |
| X | 80,000 | Debtors | 42,000 | |
| Y | 60,000 | Less provision for Bad Debts | 7,000 | 35,000 |
| Z | 50,000 | Cash in hand | | 17,000 |
| | 3,02,000 | | | 3,02,000 |

Partner Z retired on 31-12-2005. The following adjustments/revaluation were made :

(a) Machinery to be depreciated by 10% and furniture by 5%.

(b) Goodwill A/c to be raised in the books of the firm at Rs. 48,000.

(c) Stock to be appreciated by 15% and Land & Building by 10%.

(d) Provision for doubtful debts to be increased to Rs. 10,000.

Prepare Revaluation Account, Partners' Capital Accounts and the Balance Sheet of the firm after the retirement of partner Z. *12*

**4.** ABC Company Ltd. issued 1,50,000 equity shares of Rs. 10 each at premium payable as

on application Rs. 3 per share

on allotment Rs. 5 per share (including premium)

on I$^{st}$ call Rs. 2 per share

on II$^{nd}$ call Rs. 2 per share

Applications were received for 2,00,000 shares and pro-rata allotment was made to all the applicants. The excess application money was adjusted towards allotment. Mr. Garg, who was allotted 400 shares, could not pay I$^{st}$ and also II$^{nd}$ call and his shares were forfeited.

Pass the necessary journal entries and show the necessary data in the Balance Sheet. *12*

**5.** Draw the Balance Sheet of a company in vertical form with imaginary figures. *12*

**6.** (a) What do you mean by Fund Flow Statement ? State any two advantages of such a statement.

(b) Explain why and how net profits are converted into funds from operations. *6+6*

# स्नातक उपाधि कार्यक्रम

# सत्रांत परीक्षा

# जून, 2007

## ऐच्छिक पाठ्यक्रम : वाणिज्य

## ई.सी.ओ.-14 : लेखाविधि-II

*समय : 2 घण्टे* *अधिकतम अंक : 50*

**नोट :** *किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए जिनमें प्रश्न संख्या 1 शामिल हो जो कि **अनिवार्य** है ।*

**1.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *14*

(क) स्टॉक तथा देनदार प्रणाली के मुख्य लक्षण क्या हैं ?

(ख) वित्तीय विवरण बनाना क्यों आवश्यक है ?

(ग) प्रारम्भिक व्यय (Preliminary expenses) से क्या तात्पर्य है ? लेखा पुस्तकों में इनका लेखा किस प्रकार किया जाता है ?

(घ) कोष (Funds) के मुख्य स्रोत तथा उपयोगों का उल्लेख कीजिए ।

(ङ) ख्याति की अवधारणा समझाइए तथा इसके मूल्यांकन की किसी एक विधि का विवेचन कीजिए ।

2. 1-7-2004 को रमेश ने अवक्रय पद्धति के अन्तर्गत पाँच मशीनें खरीदीं । प्रत्येक मशीन का नकद मूल्य 1,00,000 रु. था । रमेश ने नकद मूल्य का 25% तुरन्त भुगतान किया, तथा शेष पाँच वार्षिक किश्तों में 5% प्रति वर्ष ब्याज सहित भुगतान करना तय किया । रमेश ने दो किश्तों का भुगतान कर दिया किन्तु तीसरी किश्त देने में असमर्थ रहा । फलस्वरूप, विक्रेता ने दो मशीनों का 25% प्रति वर्ष के हिसाब से मूल्यह्रास लगाकर पुनर्ग्रहण करना तय किया । यह मूल्यह्रास घटते हुए शेष विधि (Diminishing Balance method) के अनुसार लगाया गया । विक्रेता ने शेष तीन मशीनें क्रेता के पास छोड़ दीं ।

रमेश की पुस्तकों में क्रय की तिथि से तीन वर्ष के लिए मशीन खाता तथा विक्रेता खाता तैयार कीजिए । वह प्रत्येक वर्ष 30 जून को पुस्तकें बंद करता है और 20% प्रति वर्ष के हिसाब से सरल रेखा पद्धति के अनुसार मूल्यह्रास लगाता है । *12*

3. X, Y तथा Z एक फर्म में साझेदार थे । वे क्रमशः 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते हैं । 31-12-2005 को फर्म की बैलेंस शीट निम्नलिखित थी :

| | रु. | | | रु. |
|---|---|---|---|---|
| विविध लेनदार | 50,000 | भूमि व भवन | | 1,00,000 |
| रिज़र्व फंड | 32,000 | मशीनरी | | 80,000 |
| बैंक ऋण | 30,000 | फर्नीचर | | 20,000 |
| पूँजी खाते : | | स्टॉक | | 50,000 |
| X | 80,000 | देनदार | 42,000 | |
| Y | 60,000 | – अशोध्य ऋण प्रावधान | 7,000 | 35,000 |
| Z | 50,000 | रोकड़ शेष | | 17,000 |
| | 3,02,000 | | | 3,02,000 |

31-12-2005 को साझेदार Z ने अवकाश ग्रहण किया । निम्नलिखित समायोजन/मूल्यांकन किए गए :

(क) मशीनरी पर 10% तथा फर्नीचर पर 5% मूल्यह्रास लगाया गया ।

(ख) फर्म की पुस्तकों में 48,000 रु. के मूल्य पर ख्याति खाता खोला जाए ।

(ग) स्टॉक में 15% तथा भूमि व भवन में 10% की वृद्धि की जाए ।

(घ) अशोध्य ऋण प्रावधान की राशि बढ़ाकर 10,000 रु. की जाए ।

पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा साझेदार Z के अवकाश ग्रहण के बाद फर्म की बैलेंस शीट तैयार कीजिए । *12*

**4.** ABC कम्पनी लिमिटेड ने 10 रु. वाले 1,50,000 ईक्विटी शेयर प्रीमियम पर निर्गमित किए । राशि निम्नलिखित किश्तों में देय है :

आवेदन पर 3 रु. प्रति शेयर

आवंटन पर 5 रु. प्रति शेयर (प्रीमियम मिलाकर)

प्रथम माँग पर 2 रु. प्रति शेयर

द्वितीय माँग पर 2 रु. प्रति शेयर

2,00,000 शेयरों के लिए आवेदन प्राप्त हुए तथा सभी आवेदनकर्ताओं को यथानुपात (Pro-rata) आवंटन कर दिया । श्री गर्ग जिसे 400 शेयर आवंटित किए गए थे प्रथम तथा द्वितीय माँगों का भुगतान नहीं कर पाया तथा उसके शेयर ज़ब्त कर लिए गए ।

आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए तथा बैलेंस शीट से सम्बद्ध आवश्यक ब्यौरा दिखाइए । *12*

**5.** काल्पनिक आँकड़ों के साथ एक कम्पनी की बैलेंस शीट शीर्ष रूप (Vertical form) में प्रस्तुत कीजिए । *12*

**6.** (अ) कोष प्रवाह विवरण से क्या तात्पर्य है ? इसके कोई दो लाभ बताइए ।

(ब) शुद्ध लाभ को क्योंकर और किस प्रकार कामकाज से प्राप्त कोष में परिवर्तित किया जाता है ? व्याख्या कीजिए । *6+6*